# अपने बच्चे को घर पर पढ़ने में मदद करने वाले पाठक का समर्थन करें





## युवा पाठकों के माता-पिता के लिए सरल उपाए

### चरण १: बुक वॉक

पुस्तक का परिचय एक साथ पन्ने पढ़कर दें, शीर्षक व शीर्षक पृष्ठ के बारे में बातें करें, चित्रों को देखना तथा साथ में अनुमान लगाना कि आप इस पुस्तक के बारे में क्या सोचते हैं ।

### चरण २: शब्दावली

कोई ऐसी शब्दावली ढूँढ़ें जो आप सोचते हैं कि शायद आपके बच्चे को कठिन लगेगा, उन्हें वाक्य में वह शब्द दिखाएँ, उनके साथ शब्द पढ़ें और अर्थ पर चर्चा करें ।

### चरण ३:पहली पढ़ाई

अपने बच्चे को स्वयं कहानी स्पष्ट रूप से पढ़ कर सुनाएँ, सही ठहराव के साथ, शब्दों को अंकित करने हेतु अपनी ऊँगली का प्रयोग करें, और जहाँ उपयुक्त है हाव-भाव भी दर्शाएँ । यह काम उन बड़े बच्चों पर भी छोड़ा जा सकता है जो बेझिझक पढ़ लेते हैं ।

### चरण ४:दूसरी पढ़ाई

आपके बच्चे जिस प्रकार पढ़ते हैं उन्हें आप सुनें । उन्हें सुधारने के लिए आप बीच में न टोकें । उन्हें वाक्य पूरा करने दें और तभी कुछ कहे जैसे :"आपने कहा : यह है और घर । क्या इसका कोई अर्थ है ?" बच्चों को स्वयं सुधारने का मौका दें । यदि वे नहीं कर सकते, तभी आप सुधार कार्य करें ।

### चरण ५: पुस्तक पर चर्चा

समय निकाल कर अपने बच्चों के साथ किताब के बारे में बातें करें ; इससे उन्हें समझने में मदद मिलेगी कि वे क्या पढ़े हैं, और अर्थ के साथ पढ़ना सीखेंगे । अपने बच्चों से पूछने के लिए अगले पृष्ठ पर २ या ३ प्रश्नों को चुनें ।

# अपने बच्चों को घर पर पढ़ने में मदद करने वाले पाठक का समर्थन करें





## प्रश्न जो माता-पिता युवा पाठकों से पूछ सकते हैं :

## पढ़ने से पहले

आप क्या सोचते हैं कि यह किताब किस विषय पर होगी ?

क्या यह पुस्तक आपको किसी और चीज की याद दिलाती है जिसे आप पहले से पढ़ या देख चुके हैं ?

आप क्या सोचते हैं कि किताब में किस तरह के पात्र होंगे ?

आप क्या सोचते हैं कि आगे क्या होगा ?

## पढ़ते समय

जब आपका बच्चा पढ़ता है तो बीच में प्रश्न पूछकर पढ़ने की प्रवाह में बाधा न डालें । हालाँकि, लंबी कहानियों में, शायद पूछना उचित हो : आप क्या सोचते हैं कि आगे क्या होगा ? आप क्या सोचते हैं कि मुख्य पात्र अब क्या करेगा ? आप उस वाक्य से पात्र के बारे में क्या अनुमान लगा सकते हैं ? इस दृश्य से आप क्या कल्पना कर सकते हैं ?

## पढ़ने के बाद

पुस्तक का कौन सा भाग आपको सबसे अच्छा लगा ? क्यों ?

आपका पसंदीदा पात्र कौन था / क्यों ?

किताब में से वह कौनसी सबसे दिलचस्प बातें हैं जो आपने सीखी हैं ?

क्या आप किताब को अलग तरह से समाप्त करते ? क्या इसका अंत वैसे हुआ जैसे आपने सोचा था ?

यदि उस कहानी का मुख्य पात्र आपका पड़ोसी होता, तो क्या आप दोस्त होते ?

जब आप पढ़ते हैं तो आपके दिमाग में वह जगह कैसे दिखता है ? क्या आप वहाँ जाना चाहेंगे ?